प्रधानमंत्री ने जगदलपुर में लगभग 27,000 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित कीं

चर्चा में क्यों?

- 3 अक्तूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर ज़िले के जगदलपुर में लगभग 27,000 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया और राष्ट्र को समर्पित किया।

प्रमुख बिंदु

- इन परियोजनाओं में रेलवे और सड़क क्षेत्र की कई परियोजनाओं के साथ-साथ बस्तर ज़िले के नगरनार में 23,800 करोड़ रुपए से अधिक के एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के स्टील प्लांट का लोकार्पण शामिल है।
- 23,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित स्टील प्लांट एक ग्रीनफील्ड परियोजना है, जो उच्च गुणवत्ता वाले स्टील का उत्पादन करेगी।
- नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का स्टील प्लांट प्लांट के साथ-साथ सहायक और डाउनस्ट्रीम उद्योगों में हज़ारों लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।
- यह बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र पर स्थापित करेगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।
- पूरे देश में रेल बुनियादी ढाँचे में सुधार के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, कार्यक्रम के दौरान कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया और राष्ट्र को समर्पित की गईं।
- प्रधानमंत्री ने अंतागढ़ और तारोकी के बीच एक नई रेल लाइन और जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा के बीच एक रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित की।
- उन्होंने बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी।
- प्रधानमंत्री ने तारोकी-रायपुर डेमू ट्रेन सेवा को भी झंडी दिखाई।
- इन रेल परियोजनाओं से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। बेहतर रेल बुनियादी ढांचे और नई ट्रेन सेवा से स्थानीय लोगों को लाभ होगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।
- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के 'कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा खंड'तक एक सड़क उन्नयन परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित की। नई सड़क से सड़क कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।

//

₹26,000 करोड़ से अधिक की
शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण
और
ताड़ोकी-रायपुर DEMU ट्रेन सेवा
शुभारंभ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-laid-the-foundation-stone-of-several-development-projects-worth-about-rs-27,000-crore-in-jagdalpur-and-dedicated-to-the-nation